भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1014
सोमवार, **2**9 जुलाई, **2024/**7 श्रावण, **1946** (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

सतत पर्यटन को प्रोत्साहन

†1014. श्री अनुराग शर्मा:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा सतत पर्यटन को प्रोत्साहन देने और हमारी प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए की गई/की जा रही पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की देश के अल्पविकसित अथवा कम प्रचलित पर्यटक क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने की कोई योजना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। वर्तमन में जारी अपने कार्यकलापों के भाग के रूप में स्थायी पर्यटन, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत और अल्पज्ञात गंतव्यों का संवर्धन भी किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है और देश में स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटकों तथा पर्यटन व्यवसायों को स्थायी पर्यटन प्रथाओं को अपनाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए ट्रैवल फॉर लाइफ कार्यक्रम की शुरूआत की है।

पर्यटक और गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की शुरूआत की गई है।

(ख) से (ग): मंत्रालय की देखो अपना देश पहल देश की समृद्ध विरासत और संस्कृति के बारे में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ देश के अल्पज्ञात स्थलों को बढ़ावा देने का काम भी करती है।

पर्यटन मंत्रालय नियमित रूप से अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया संवर्धनों के साथ-साथ कार्यक्रमों और उत्सवों के माध्यम से भी विभिन्न अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों का संवर्धन करता है।

****